<u>पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड</u>

<u>कंपनी सचिव</u>

दिनांक: 19 06.2020

सं. :1:05:126(3):1:सीएस

<u>कार्यालय आदेश सं. सीएस/सं.03/आईटीसी/2020</u>

विषय: <u>ट्रेडिंग विंडो खुलने संबंधी सूचना</u>

"पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रतिभूतियों में ट्रेडिंग के विनियमन, मॉनिटरिंग एवं रिपोर्टिंग के लिए आचार संहिता एवं अप्रकाशित कीमत संवेदनशील जानकारी के निष्पक्ष प्रकटन के लिए व्यवहार एवं प्रक्रिया संहिता' के अनुसार, कंपनी सचिव विभाग के दिनांक 25 मार्च, 2020 के परिपत्र द्वारा सूचित किया गया था कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के इक्विटी शेयरों एवं सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों में व्यापार करने के लिए ट्रेडिंग विंडो दिनांक अप्रैल 1, 2020 से मार्च 31, 2020 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणाम की घोषणा के पश्चात अड़तालीस (48) घंटे की समाप्ति तक बंद रहेगी।

इस संबंध में, सूचित किया जाता है कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेश मंडल की 401वीं बैठक अन्य विषयों के साथ-साथ मार्च 31, 2020 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए कंपनी के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों (एकल एवं समेकित) पर विचार करने एवं अनुमोदित करने हेतु बुधवार, 24 जून, 2020 को आयोजित की जाएगी।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, यह अधिसूचित किया जाता है कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के इक्विटी शेयरों एवं सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों में व्यापार करने के लिए ट्रेडिंग विंडो दिनांक 26 जून, 2020 तक बंद रहेगी और दिनांक 27 जून, 2020 से खुलेगी। उपर्युक्त क्लोजर अवधि के दौरान, सभी नामित कार्मिकों और अन्य संबंधित व्यक्तियों से अनुरोध है कि पीएफसी के इक्विटी शेयरों एवं सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों सहित कंपनी की प्रतिभूतियों में ट्रेड न करें।

(मनोहर बलवानी)

मुख्य महाप्रबंधक (सीपी) एवं कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

<u>सभी संबंधित व्यक्ति</u> **("पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रतिभूतियों में ट्रेडिंग के विनियमन, मॉनिटरिंग एवं रिपोर्टिंग के लिए आचार संहिता एवं अप्रकाशित कीमत संवेदनशील जानकारी के निष्पक्ष प्रकटन के लिए व्यवहार एवं प्रक्रिया संहिता' में यथापरिभाषित) - ई-मेल / कंपनी की वेबसाइट के माध्यम से**

प्रतिलिपि:

क. कंपनी सचिव, पीएफएफसीसीएल

ख. कंपनी सचिव, आरइसीएल

- **अपनी संबंधित कंपनियों में संबंधित व्यक्तियों को सूचित करने हेतु**